# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–01 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के छब्बीसवें शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी सदस्य देशों से आतंकवाद के वित्तपोषण, आंतकवादियों की भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित पनाहगाहों के पूरे तंत्र को ध्वस्त करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नही है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

***शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व के विभिन्न भागों में जारी संघर्षों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युद्ध और संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं हैं तथा सभी विवादों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत उन सभी प्रयासों का समर्थन करता है, जो बाजारों को जोड़ते हैं, व्यापार को सुगम बनाते हैं और विकास के नए रास्ते खोलते हैं। हालांकि, इन प्रयासों में सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना अत्यंत आवश्यक है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष भारत ने शंघाई सहयोग संगठन सभ्यता संवाद मंच का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इसका पहला सत्र इस वर्ष भारत में आयोजित किया जाएगा। विकल्प शुक्ला, आकाशवाणी समाचार, बिश्केक।***

आज किर्गिस्तान में हुए शिखर सम्मेलन के बाद शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के नेताओं ने बिश्केक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए।

**********

वित्त वर्ष 2026–27 की पहली तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद–जी डी पी वृद्धि दर सात दशमलव आठ प्रतिशत रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि को देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम बताया है। आज सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

***देशवासियों को मैं बधाई देता हूं, उनके संकल्प शक्ति के लिए, उनके पुरूषार्थ के लिए, एक सामूहिक शक्ति का प्रतिबिंब है। दुनिया युद्ध में डुबी हुई है। चारों तरफ युद्ध की खबरें आ रही हैं। विश्व संकटों से घिरा हुआ है। सप्लाई चेन बुरी तरह से डिस्टर्ब है। 2020 में कोविड काल से लेकर अब तक कहीं पर भी स्थिरता नजर नहीं आ रही। उसके बावजूद भी भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है।***

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक कल अयोध्या के मणिरामदास छावनी में होगी। दो चरणों में प्रस्तावित इस बैठक में ट्रस्ट के महासचिव और रिक्त सदस्य पदों को लेकर चर्चा होगी। इसके साथ ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के सीईओ पद को लेकर भी फैसला होने की सम्भावना है। ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्रदास ने बताया कि बैठक में सभी मुद्दों पर ट्रस्ट के सदस्यों की सहमति के आधार पर निर्णय लिया जायेगा।

**********

मैनपुरी से खाटूश्याम और वृन्दावन दर्शन करने गये श्रद्धालुओं से भरा एक वाहन आज हरियाणा के पलवल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में वाहन सवार छः श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि चौदह श्रद्धालु घायल हो गये। दुर्घटना आज सुबह उस समय हुयी जब पलवल के पास केएमपी एक्सप्रेस–वे पर श्रद्धालुओं का वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर दुख जताया है और घायल श्रद्धालुओ के समुचित इलाज के निर्देश दिये हैं।

**********

नेपाल में विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ सौ सत्तासी हो गई है। काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल में बाढ़ पीड़ितों के शवों की पहचान और स्वदेश वापसी से संबंधित जानकारी साझा की है। दूतावास ने कहा कि यदि रिश्तेदार और परिवार के सदस्य नेपाल पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध तस्वीरों और विवरणों के माध्यम से शवों की पहचान कर पाते हैं, तो दूतावास शवों को सौंपने और स्वदेश वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने में सहायता करेगा।

**********

प्रदेश में हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण विभिन्न जिलों की करीब एक लाख सत्तर हजार से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित हैं। वाराणसी में लगातार हो रही बारिश के बीच गंगा नदी आज खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिससे गंगा के किनारे बसे कई इलाकों में पानी घरों तक पहुंच गया है। एसीपी दशाश्वमेध घाट अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि प्रशासन ने बाढ़ राहत चौकियां स्थापित की हैं, साथ ही ड्रोन से स्थिति की निगरानी की जा रही है।

प्रयागराज में भी गंगा और यमुना के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। उधर, चित्रकूट में रामघाट पर मंदाकिनी नदी का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया है। वहीं यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से राजापुर और मऊ के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में हैं। गोरखपुर सहित आसपास के इलाकों में भी आज रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में अगले तीन दिनों तक गरज–चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जताया है।

**********